a2zpapers.com

Roll No. ..................

Total No. of Questions : 5]

**03/A**

[Total No. of Printed Pages : 4

**X**

**2037**

वार्षिक परीक्षा प्रणाली

**HINDI**

**(Morning Session)**

Time allowed : Three hours

Maximum marks : 70

*नोट : (i) अपनी उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर विषय-कोड/पेपर-कोड वाले खाने में विषय-कोड/पेपर-कोड* **03/A** *अवश्य लिखें।*

*(ii) उत्तर-पुस्तिका लेते ही इसके पृष्ठ गिनकर देख लें कि इसमें टाइटल सहित 26 पृष्ठ हैं एवं सही क्रम में हैं।*

*(iii) उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ/ पृष्ठों के पश्चात् हल किये गये प्रश्न/प्रश्नों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

*(iv) कोई अतिरिक्त शीट नहीं मिलेगी। अतः उत्तर आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

*(v) प्रश्न का उत्तर समाप्त होने पर एक लाइन लगा दें।*

*(vi)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(vii) लिखाई सुन्दर एवं साफ हो।*

**1.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) किसी **एक** शब्द का सन्धि-विच्छेद कीजिए-

फलाहार, राजेन्द्र

(ख) किसी **एक** विग्रह पद को समस्त पद में बदलिए-

कर्म में निष्ठा, राष्ट्रपति का भवन

(ग) किसी **एक** शब्द का विशेषण शब्द बनाएँ-

रंग, खामोश

(घ) किसी **एक** शब्द की भाववाचक संज्ञा बनाएँ-

मधुर, दास

(ङ) किसी **एक** शब्द के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें-

सागर, हवा

(च) किसी **एक** समरूपी भिन्नार्थक शब्द-युग्म का प्रयोग वाक्य में करके अर्थ स्पष्ट करें-

गृह-ग्रह, धरा-धारा

(छ) किसी **एक** वाक्यांश के लिए **एक** शब्द लिखिए-

समाज से संबंधित, देश से द्रोह करने वाला



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
Download free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab board

a2zpapers.com



(ज) किसी **एक** शब्द का विलोम शब्द लिखिए-

करीब, मित्र

(झ) किसी **एक** शब्द के अनेकार्थक शब्द लिखिए-

अंक, फल

(ञ) किसी **एक** अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके लिखिए-

पेड़ों में मत चढ़ो।, मेले में बच्ची गुम हो गया।

**2.** (i) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए- 1×5=5

(क) संत किस की भाँति नीर-क्षीर विवेक करते हैं ?

(ख) फूल हमें क्या संदेश देते हैं ?

(ग) ममता कौन थी ?

(घ) किस प्रकार के मित्र से भारी रक्षा होती है ?

(ङ) बेला का मायका किस शहर में था ?

(ii) निम्नलिखित पद्यांश में से किसी **एक** पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 1+3=4

(क) श्री गुरु चरन सरोज रज, निज मन मुकुरु सुधारि।
बरनऊँ रघुबर विमल जसु, जो दायकु फल-चारि।।
राम नाम मनी दीप धरु, जीह देहरी द्वार।
तुलसी भीतर बाहरु हुँ, जौ चाहसि उजियार।।

(ख) उठ-उठ लहरें कहतीं यह-
हम कूल विलोक न पाएँ
पर इस उमंग में बह-बह
नित आगे बढ़ती जाएँ।

(iii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार पंक्तियों में दीजिए- 3×2=6

(क) बेटे ने पत्र में अपनी माँ बसंती को क्या लिखा ?

(ख) जयदेव को गुप्तचरों से क्या समाचार मिला ?

(ग) हम अपने देश के सौन्दर्य बोध को किस प्रकार चोट पहुँचाते हैं ?

(iv) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर छः या सात पंक्तियों में दीजिए- 3×5=15

(क) 'सूखी डाली' एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

(ख) ममता का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) विशेषज्ञों ने भ्रष्टाचार खत्म करने के क्या-क्या उपाय बताए ?

(घ) 'दो कलाकार' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) सच्चे मित्र के कौन-कौन से गुण लेखक ने बताएं हैं ?



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
Download free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab board

a2zpapers.com



3. (i) पंजाब रोडवेज़, लुधियाना के महाप्रबन्धक को बस में छूट गये सामान के बारे में आवेदन पत्र लिखिए। 7

अथवा

'रोज़ाना भारत', पंजाब के समाचार पत्र के मुख्य सम्पादक के नाम 'बालश्रम : एक अपराध' विषय पर एक पत्र लिखिए।

(ii) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 100-120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-

विद्यार्थी और अनुशासन, परीक्षा से एक घंटे पूर्व, पुस्तकालय के लाभ। 8

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें- 1×5=5

चरित्र-निर्माण जीवन की सफलता की कुंजी है। जो मनुष्य अपने चरित्र-निर्माण की ओर ध्यान देता है, वही जीवन में विजयी होता है। चरित्र-निर्माण से मनुष्य के भीतर ऐसी शक्ति जागृत होती है, जो उसे जीवन संघर्ष में विजयी बनाती है। ऐसा व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है। वह जहाँ कहीं भी जाता है, अपने चरित्र-निर्माण की शक्ति से अपना प्रभाव स्थापित कर लेता है। वह सहस्रों और लाखों के बीच में भी अपना अस्तित्व रखता है। उसे देखते ही लोग उसके व्यक्तित्व के सामने अपना मस्तक झुका लेते हैं। उसके व्यक्तित्व में सूर्य का तेज, आँधी की गति और गंगा के प्रवाह की अबाधता है।

(क) जीवन में चरित्र-निर्माण का क्या महत्व है ?

(ख) अच्छे चरित्र का व्यक्ति जीवन में सफलता क्यों प्राप्त करता है ?

(ग) चरित्रवान् व्यक्ति की तीन विशेषताएँ लिखें।

(घ) 'सहस्रों'', 'व्यक्तित्व' शब्दों के अर्थ लिखें।

(ङ) उचित शीर्षक लिखें।

5. (i) किन्हीं तीन मुहावरों/लोकोक्तियों को वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए : 1×3=3

लोहा लेना, मोती पिरोना, जोते हल तो होवे फल, घर का भेदी लंका ढाए, जो गरजते हैं वे बरसते नहीं।

(ii) निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें : 3

ਸਾਨੂੰ ਆਪਣੇ ਤਨ ਨੂੰ ਤੰਦਰੁਸਤ ਰੱਖਣ ਲਈ ਕਸਰਤ ਕਰਨ ਦੀ ਆਦਤ ਪਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਕਸਰਤ ਨਾਲ਼ ਕੇਵਲ ਤਨ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸਗੋਂ ਮਨ ਵੀ ਚੰਗਾ ਬਣਦਾ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਤਨ ਅਤੇ ਮਨ ਦੋਵੇਂ ਤੰਦਰੁਸਤ ਹੋ ਜਾਣਗੇ ਤਾਂ ਸਾਡੇ ਮਨ ਵਿੱਚ ਚੰਗੇ ਵਿਚਾਰ ਆਉਣਗੇ । ਚੰਗੇ ਵਿਚਾਰਾਂ ਨਾਲ਼ ਹੀ ਅਸੀਂ ਚੰਗੇ ਕਰਮ ਕਰਾਂਗੇ ।

(iii) आपका नाम राजेश कुमार है। आप सरकारी हाई स्कूल पटियाला में पढ़ते हैं। आप एन.एस.एस. यूनिट के मुख्य सचिव हैं। आपके स्कूल में 10 मई, 2016 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आप अपनी तरफ से एक नोटिस तैयार करें जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों से रक्तदान के लिए अनुग्रह किया जाये। 2

अथवा

आपका नाम अशोक शर्मा है, आप मकान नम्बर 87, सेक्टर 17, चण्डीगढ़ में रहते हैं। आपकी सपुत्री पलक 25 वर्ष, कद 5 फुट 4 ईंच, एम.ए. पास हेतु योग्य वर चाहिए। वैवाहिक शीर्षक के अन्तर्गत एक विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।



www.a2zpapers.com www.a2zpapers.com
Download free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab board

a2zpapers.com



(iv) मान लो आपका नाम निर्मला देवी है। आपको सेविंग्स बैंक खाता नं. 79684 में से दस हज़ार रुपये निकलवाने हैं। अतः आप नीचे दिए गए प्रपत्र की रूपरेखा को अपनी उत्तर-पुस्तिका पर उतार कर भरें- 2

| |
|---|
| बचत खाता नं. ............................................................................ दिनांक .................... |
| मुझे स्वयं को .............................................................................................रु. की राशि। |
| श्री/स. .................................................................................. के खाते से आहरण कर |
| अदा करें। रु. .................... |
| हस्ताक्षर |

अथवा

इन्सटेंट मनीऑडर्र (आई एम ओ) किसे कहते हैं ?

03/A–X

www.a2zpapers.com
www.a2zpapers.com
Download free old Question papers gndu, ptu hp board, punjab board